'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2016
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.04.2016
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 19 ● अंक 10 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 अप्रैल, 2016

संसद मार्ग पर भव्य रूप से मनायी गयी डॉ0 अम्बेडकर की जयंती

पार्लियामेंट स्ट्रीट बना 'परिसंघ नगर'

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 2016.

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद, डॉ0 उदित राज के नेतृत्व में 14 अप्रैल, 2016 को प्रात 8 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक संसद मार्ग, नई दिल्ली पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती का आयोजन भव्य स्तर पर किया गया। परिसंघ संबद्धित सैकड़ों संगठनों ने भी अपने स्टॉल लगाए।

डॉ0 उदित राज जी के अलावा इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष, श्री दुष्यंत कुमार गौतम, सांसद, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय उपस्थित होकर जयंती की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ0 उदित राज जी ने कहा कि किसी भी महापुरुष की जयंती से कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। परिसंघ ने इस जयंती को समान नागरिकता कानून लागू करने के लिए सुपुर्द किया है। इसके लिए पूरे देश में आंदोलन चलाया जाएगा। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जातिविहीन समाज की स्थापना करना चाहते थे। वे समान नागरिकता कानून (यूनिफार्म सिविल कोड) को मौलिक अधिकार के रूप में तो नहीं रखा सके लेकिन संविधान के चौथे अध्याय राज्य के नीति निर्देशक तत्व (डारेक्टिव प्रिंसिपल ऑफ स्टेट पॉलिसी) में रखा। सोच यह थी कि जैसे-जैसे जंनतंत्र शिक्षित होगा राज्य के नीति निर्देशक तत्व भी मौलिक अधिकार के रूप में शामिल होते जाएंगें। अब समय आ गया है कि इसके बारे में चर्चा की जाए ताकि भविष्य में यह सपना साकार हो सके। बाबा साहब केवल दलितों के मसीहा ही नहीं थे बल्कि उन्होंने सभी के लिए कुछ न कुछ किया है। बाबा साहब ने हर वर्ग और समाज के लिए नयी विचारधारा प्रदान की है। भारत के संविधान निर्माता होने के साथ साथ जीवन भर दलितों और दबे-कुचलों के लिए संघर्ष किया।

डॉ0 उदित राज जी ने आगे कहा कि आज जो भी थोड़ा-बहुत दलितों की स्थिति में सुधार हुआ है, वह आरक्षण की बदौलत ही हो सका है। जिन क्षेत्रों में आरक्षण नहीं है, वहां आज भी दलितों की उपस्थिति नगण्य है। ज्यादातर सरकारी विभागों का निजीकरण होता जा रहा है तो ऐसे में आरक्षण स्वतः समाप्त होता जा रहा है। परिसंघ ने निजी क्षेत्र में आरक्षण का मुद्दा पूरे देश में बनाया और मैंने पिछले संसद सत्र में निजी क्षेत्र में आरक्षण हेतु प्राइवेट मेंबर बिल संसद में पेश किया है। जब तक पूरा दलित समाज एकजुट होकर दबाव नहीं बनाता यह बिल पास होने वाला नहीं है।

इस अवसर पर बोलते हुए मीनाक्षी लेखी ने कहा की बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की 125 वीं जयंती सरकार ने मनाने का निर्णय लिया। यह वाकई में सराहनीय कदम है। बाबा साहब ने महिलाओं के लिए बहुत कुछ किया जिसमे खासकर महिलाओं की वोट में हिस्सेदारी, बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों जैसे अधिकार, तलाक प्रथा जैसी कई नीतियों को लागू कराया।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर ने जो कुछ भी किया है वह अद्भुत है। उन्होंने केवल दलितों के लिए ही नहीं बल्कि सभी देशवासियों के लिए किया है। हमारी सरकार इस वर्ष बाबा साहब की जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आज उनके निवास स्थान महू गए। पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री ने इस तरह का सम्मान डॉ. अंबेडकर को दिया है।

इस अवसर पर अजा/जजा परसिंघ से संबद्धित सैकड़ों संगठनों ने अपने-अपने बैनर-पोस्टर व अपने स्टॉल संसद मार्ग पर लगाए। श्री परमेन्द्र के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम दिल्ली लोक सभा के परिसंघ के साथियों ने स्टाल लगाया। हाल ही में बुद्धा एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा उत्तर पश्चिम लोक सभा क्षेत्र में महिलाओं के शसक्तिकरण को मद्देनजर रखते हुए अचार-पापड़ बनाने हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया था। इससे प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा निर्मित अचार-पापड़ का स्टॉल रितु चौधरी द्वारा लगाया गया। श्री सुरेश महला के नेतृत्व में घुमंतू जातियों ने अपने स्टाल लगाए।

इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन में दिल्ली इकाई का विशेष सहयोग रहा। जिसमें दिल्ली इकाई के समस्त पदाधिकारी और परिसंघ के राष्ट्रीय स्तर के भी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपना योगदान किया।

✦✦✦

डॉ. बी. आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. उदित राज

आओ बाबा साहेब की 125वीं जयंती पर संकल्प लें

निजी क्षेत्र में आरक्षण हेतु मैंने संसद में प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, जो समाज की ताक़त से ही पास होना है। क्या निजी क्षेत्र में आरक्षण किसी पार्टी या सवर्ण जाति की मांग है या आपकी। यदि आपकी है तो आप साथ दें वरना उम्मीद नहीं करना चाहिए। दर्द आपका है तो दवा भी आपको ही लेना है। यह असंभव नहीं, परन्तु कठिन जरूर है। अगर अधिकार चाहते हो तो परिसंघ को सशक्त बनाना होगा। सदस्यता, रैली, सभा, सम्मेलन आदि पारंपरिक संघर्ष के माध्यमों के अलावा फेसबुक, व्हाट्सअप, एस.एम.एस., इंटरनेट आदि से करोड़ों लोगों को जोड़ना होगा। जिसका निजी बिल होता है, ताक़त भी उसी की होती है। यह आपके लिए है, इसलिए मैदान में आएं। अब तो यह नहीं शिकायत होनी चाहिए कि संसद में आपकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। संसद में आवाज तो उठ गयी लेकिन अब समाज से उठना है। आओ हम सभी मिलकर बाबा साहेब की 125वीं जयंती पर संकल्प लें कि पूरी ताक़त से इस बिल को पास कराने के लिए संर्ष करेगें।

– डॉ. उदित राज,
राष्ट्रीय अध्यक्ष, अजा/जजा परिसंघ

मुसलिम समाज, कानून और अदालत

ऑल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमात-ए- उलेमा-ए-हिंद और दारुल उलूम जैसे संगठनों को जहां लगता है कि शरिया कानून जालिम है और भारत का कानून दयावान, वहां वे भारत का कानून मानते हैं। पर जब सवाल उनके अपने वजूद का, या पुरुष-प्रधान समाज की दीवारें गिरने का आता है, तो वे शरिया की आड़ लेने लगते हैं।

मुसलिम पर्सनल लॉ के अंतर्गत तीन बार एक साथ बोले गए तलाक की संवैधानिकता की जांच करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला उचित है। शायरा बानो नामक एक महिला की याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय महिला आयोग सहित शायरा के पूर्व पति को भी इस बारे में नोटिस जारी किया है। अदालत ने साफ लफ्जों में कहा कि इस प्रक्रिया की समीक्षा जरूरी है, क्योंकि इसके द्वारा महिलाओं को वस्तु की तरह उपयोग किया जाता है। अदालत ने यह भी कहा कि इस तरह का एकतरफा तलाक, जिसमें इस्लाम द्वारा मनोनीत सुलह का कोई रास्ता नहीं है, अन्यायपूर्ण ही नहीं, बल्कि समाज द्वारा स्वीकृत वैवाहिक बंधनों की कसौटी पर भी खरा नहीं उतरता। इस पर ऑल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जो कि अन्य समय एक निष्क्रिय संस्था है, ने यह कह दिया कि चूंकि मुसलिम पर्सनल लॉ का जन्म कुरान के सूराओं से हुआ है, न कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बनाए कानून से, लिहाजा इसकी समीक्षा सुप्रीम कोर्ट के अधिकार-क्षेत्र के बाहर है। एक साथ बोले गए तीन तलाक का मसला इस तकनीकी युग में काफी गंभीर रूप धारण कर रहा है। अब मुसलिम पुरुष फेसबुक, स्काइप जैसे एप्स पर या मोबाइल फोन में एसएमएस भेज कर भी तलाक दे रहे हैं। एक सशर्त अधिकार का मुसलिम पुरुषों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। सबसे बुरी बात यह है कि महिलाओं को अपनी बात कहने का कोई मौका ही नहीं मिलता। एक काजी का लिखा तलाकनामा उनके वैवाहिक जीवन को खत्म कर देता है। इस तरह का कोई रास्ता महिलाओं के लिए नहीं है। अगर उनके वैवाहिक जीवन में कलह है और उन्हें रोजाना पति के हाथों उत्पीड़ित होना पड़ता है तो यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक पति ही उन्हें न छोड़ दे। कुरान-ए-पाक में इस तरह के एकतरफा, पुरुषप्रधान वैवाहिक जीवन का कोई उल्लेख नहीं है। बल्कि कुरान-ए-पाक में तो इस तरह के कई धर्मादेश हैं जिनमें पुरुष को अपनी ब्याहता के साथ न्यायसंगत और निष्पक्ष तरीके से पेश आने को कहा गया है। पर पुरुष-प्रधान समाज में इन धर्मानिर्देशों का कोई उल्लेख नहीं करता। महिलाओं के बचाव के धर्मानिर्देशों का अनुसरण सिर्फ इसलिए नहीं होता क्योंकि मुसलिम पर्सनल लॉ का संहिताकरण (कोडिफिकेशन) नहीं हुआ है। मुसलिम पर्सनल लॉ के संहिताकरण को रोकने के लिए अक्सर यही दलील दी जाती है कि यह कानून कुरान-ए-पाक की सूराओं पर आधारित है, सो इनसे छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। पर कुरान की हर सूरा के कई अनुवाद हैं और हर अनुवाद की कई व्याख्या। इसीलिए कुरान में महिलाओं के संरक्षण के अनेक धर्मानिर्देश होने के बावजूद उन्हें अपने अधिकार के लिए लड़ना पड़ता है। दिवंगत मुसलिम अध्येता असगर अली इंजीनियर के अनुसार, जो मुसलिम पर्सनल लॉ अभी भारत में चलता है वह दरअसल एंग्लो-मोहम्मडन कानून है जिसे सिर्फ शरिया का मुखौटा दे दिया गया है। यह कानून स्वतंत्रता से पहले के अंग्रेज जजों द्वारा दिए गए फैसलों पर आधारित है और कुरान का असली भावार्थ नहीं दर्शाता। असगर अली इंजीनियर ने इस विषय पर काफी अध्ययन किया था और उन्होंने मुसलिम पर्सनल लॉ के संहिताकरण के लिए मुसलिम समाज में सर्वसम्मति बनने की भरसक कोशिश की थी। उन्होंने लिखा था कि ''सब सोचते हैं कि जो मुसलिम पर्सनल लॉ भारत में चल रहा है वह शरिया पर आधारित है। पर ऐसा है नहीं। जो मुसलिम वर्तमान कानून की सिफारिश करते हैं वे असल में शरिया कानून और वर्तमान कानून के बीच का फर्क समझते ही नहीं। यह कानून असल में स्वतंत्रता के पहले एंग्लो-मोहम्मडन कानून के नाम से जाना जाता था जिसे बाद में मुसलिम पर्सनल लॉ का नाम दे दिया गया। जब अंग्रेजों ने मुगलिया सल्तनत से दिल्ली का राज छीन लिया, तब उन्होंने अपनी अदालतें बनाए जिनमें मुसलमानों के विवाह, तलाक और उत्तराधिकार संबंधी मामले भी सुने जाते थे। इन अदालतों में या तो अंग्रेज या फिर गैर-मुसलिम जज होते थे जिन्हें शरिया कानून के बारे में विशेष पता नहीं होता था। जो मुसलिम जज भी होते थे वे भी अंग्रेजी कानून में ही प्रशिक्षित होते थे। ये जज हनाफी अध्येता मिरघयानी की किताब 'हिदायाह' के हैमिलटन द्वारा किए गए अंग्रेजी अनुवाद का सहारा लेते थे। कभी-कभी ये जज किसी मौलवी से भी परामर्श करके फैसला सुनाते थे। चूंकि ये मामले अंग्रेजी अदालतों में सुने जाते थे, इनका प्रक्रियात्मक कानून अंग्रेजी था और तात्त्विक कानून हिदायाह पर आधारित, इसलिए इसे एंग्लो-मोहम्मडन कानून पुकारा जाने लगा। इन अदालतों के फैसले आने वाले फैसलों के लिए मानक बन गए।'' इस्लाम द्वारा मनोनीत तीन बार बोल तलाक अनायास या लापरवाही से नहीं बोला जा सकता। मुसलिम अध्येता सईदा सैयिदैं हामिद ने लिखा है कि तीन बार एक साथ बोला हुआ तलाक इस्लाम में तलाक-ए-बिदात या गलत और अधार्मिक नवाचार का तलाक बन जाता है। यह इस्लाम की रूह के खिलाफ है। उन्होंने आगे लिखा है कि इस्लाम के दूसरे खलीफा, हजरत उमर की हुकूमत के दौरान देखा गया कि अरब में अचानक तलाक की संख्या कई गुना बढ़ गई। लोग अपनी बीवियों को अकारण ही तलाक देने लगे। कुरान-ए-पाक के इस अमानवीय अनुवाद से नाराज होकर खलीफा ने आदेश जारी किया कि हर उस शख्श का सर कलम कर दिया जाएगा जो अपनी बीवी को तलाक देगा। बेरुत के अल्लामा समसनी ने यह वाकया अपनी किताब 'फलसफा शरिया-उल-इस्लाम' में लिखा है। एक साथ तीन बार बोला गया तलाक इस्लाम की रूह के खिलाफ है। कुरान में साफ निर्देश है कि तलाक दो महीनों में दो बार बोला जाए और उसके बाद बीवी को या तो फिर से कुबूल कर लिया जाए या उसे दया के साथ छोड़ दिया जाए। इसके अलावा यह भी साफ लिखा है कि बीवी को जो भी दिया जा चुका है वह वापस नहीं लिया जा सकता। इस तरह इस धर्मादेश का मतलब साफ है। तलाक को समय देकर बोलना होगा। यह समय इसलिए निर्धारित किया गया है कि इस दौरान अगर संभव हो तो पति-पत्नी के बीच सुलह करा दी जाए। इस काम में दोनों तरफ के संभाषी भी लगाए जाते है। दूसरे, तलाक बोले जाने के बाद भी समय दिया जाता है जिसमें पति यह विचार कर सकता है कि क्या वह अपनी बीवी को नेकीपूर्वक तीसरा तलाक बोल कर छोड़ देगा या फिर मर्यादापूर्वक उसे फिर से अपना लेगा। तीसरे महीने में, दो तलाक बोले जाने के बाद और तीसरा तलाक बोलने से पहले, उसे यह फैसला लेना होगा। पर इसके साथ ही एक परम धर्मानिर्देश है कि वह अपनी छोड़ी जाने वाली बीवी से उसे दिया गया कोई भी सामान वापस नहीं ले सकता। तलाक और तलाकशुदा औरत के विषय में कुरान-ए-पाक में इस तरह के कई धर्मानिर्देश हैं जो औरतों के अधिकार के प्रति संवेदनशील हैं।' तीन बार एक साथ तलाक बोल कर बीवी को छोड़ देना अवश्य ही इस्लाम की रूह के खिलाफ है। इस्लाम धर्म औरतों को कतई वह दर्जा नहीं देता जो समाज के ठेकेदारों ने उनके लिए चुन रखा है। इस पर जमात-ए-उलेमा-ए-हिंद का फिर से यह दोहराना कि मुसलिम पर्सनल लॉ की समीक्षा भारत का कोई भी न्यायालय नहीं कर सकता, बेमतलब लगता है। वह इसलिए कि कोई भी ऐसी मान्यता-प्राप्त संस्था नहीं है जो कुरान के सूराओं का अधिकृत अनुवाद करे। जब एक ही सूरा के कई अर्थ निकाले जाते हैं, तब पुरुष-प्रधान समाज औरतों को उनके अधिकार से वंचित रखने में कामयाब हो जाता है। ऐसे में सरकार और कानून बैठ कर तमाशा तो नहीं देख सकते? पहले, मुसलिम संस्थाएं या तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला मान लिया करती थीं या फिर सरकार पर दबाव डाल कर कानून को अपने पक्ष में बदलवा लिया करती थीं। 1985-86 में शाह बानो मामले में यही हुआ था। जब तलाक के बाद गुजारे की राशि देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को इन संस्थाओं ने नहीं माना, तो इन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर दबाव डाल कर 'मुसलिम वीमेन (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन डाइवोर्स) एक्ट 1986' बनवा डाला, जो कि औरतों के खिलाफ था। सुप्रीम कोर्ट का रवैया इस मामले में साफ है। खुर्शीद आलम खान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के मामले में अदालत ने कड़े शब्दों में कहा था कि किसी भी प्रथा को सिर्फ इसलिए कानूनी मान्यता नहीं दी जा सकती क्योंकि वह किसी धर्म द्वारा स्वीकृत है। किसी भी प्रथा को नैतिकता, स्वास्थ्य और समाज में सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए नियंत्रित किया जा सकता है। ऑल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमात-ए-उलेमा-ए-हिंद और दारुल उलूम जैसे संगठनों को जहां लगता है कि शरिया कानून जालिम है और भारत का कानून दयावान, वहां वे भारत का कानून मानते हैं। पर जब सवाल उनके अपने वजूद का, या पुरुष-प्रधान समाज की दीवारें गिरने का आता है, तो वे शरिया की आड़ लेने लगते हैं। वे यह भी भूल जाते हैं कि तीन बार एक साथ बोला जाने वाला तलाक पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित कई मुसलिम देशो में वर्जित है। मुसलिम संस्थाएं शरिया को समान तरीके से लागू नहीं करना चाहतीं और न ही वे यह चाहती हैं कि भारत के मुसलमान एक संहिताबद्ध कानून के दायरे में आएं। वे वर्तमान स्थिति से खुश हैं और बदलाव इसलिए नहीं चाहतीं क्योंकि इससे उनका मुसलिम समुदाय पर शिकंजा ढीला पड़ जाएगा।

– सुनील गाडोदिया

www.jansatta.com

✦✦✦

सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध क्यों : सुप्रीम कोर्ट

स्कैनर का दिया था हवाला

2015 में मंदिर प्रबंधन ने कहा था कि महिलाओं को मंदिर में प्रवेश ऐसे स्कैनर बनने के बाद ही दिया जा सकता है जो उनकी शुद्धता जांच सके।

कहा, ईश्वर सर्वव्याप्त है, कोई भी कर सकता है उनकी पूजा, परंपरा संविधान से ऊपर नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने केरल के ऐतिहासिक सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध पर सवाल उठाए हैं। इस मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं को अशुद्ध मानकर प्रवेश की अनुमति नहीं है। कोर्ट ने इस व्यवस्था पर कहा है कि किस आधार पर महिलाओं का मंदिर में प्रवेश वर्जित किया गया है। ईश्वर सर्वव्याप्त है। उनकी कोई भी पूजा कर सकता है। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या पंरपरा संविधान से ऊपर है। इससे पहले जनवरी में भी सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक मिश्रा और जस्टिस एनवी रमण की पीठ ने मंदिर में महिलाओं के बैन पर आपत्ति जताई थी।

सबरीमाला में महिलाओं के बैन का यह मामला 10 साल से कोर्ट में विचारधीन है। यह प्रतिबंध केरल में ज्यादातर मंदिरों का प्रबंधन देखने वाली संस्था त्रावणकोर देवासम बोर्ड ने लगाया है।

– राजस्थान पत्रिका से साभार

अंबेडकर का अल्पज्ञात स्त्रीवाद

जिन महिलाओं को अंबेडकर ने नेतृत्व दिया वे तो उनसे प्रभावित हुईं ही, अंबेडकर भी उनसे प्रभावित हुए बगैर न रह सके। लैंगिक मुद्दों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का मुख्य स्त्रोत यही महिलाएं थी।

डॉ. बी. आर अंबेडकर को कई नामों से जाना जाता है। उन्हें भारतीय संविधान का निर्माता, पददलितों का मसीहा, महान बुद्धिजीवी, प्रतिष्ठित विधिवेत्ता और असाधारण मेधा वाला अध्येता कहा जाता है। परंतु बहुत कम लोग, महिलाओं के अधिकारों और उनकी बेहतरी के प्रति अंबेडकर की प्रतिबद्धता से वाकिफ हैं।

जो भी मंच उन्हें उपलब्ध हुआ, उसका उपयोग अंबेडकर ने लैंगिक दृष्टि से न्यायपूर्ण कानूनों के निर्माण की पैरवी के लिए किया। सन् 1928 में बंबई विधानपरिषद के सदस्य के रूप में, अंबेडकर ने उस विधेयक को अपना समर्थन दिया, जिसमें फैक्ट्रियों में काम करने वाली महिलाओं को सवैतनिक मातृत्व अवकाश दिए जाने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि चूंकि नियोक्ता महिलाओं के श्रम से लाभ अर्जित करते हैं, इसलिए मातृत्व अवकाश के दौरान महिला कर्मियों को कम से कम आंशिक आर्थिक संबल प्रदान करना उनका कर्तव्य है। बाबा साहब ने कामकाजी महिलाओं द्वारा बच्चों को जन्म देने और उन्हें पालने-पोसने के आर्थिक और उत्पादक आयामों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया। यह इस बात का सुबूत है कि वे वर्गीय और लैंगिक, दोनों चेतनाओं से लैस थे। अंबेडकर का मानना था कि मातृत्व अवकाश के दौरान कामकाजी महिलाओं को दिए जाने वाले वेतन का आंशिक भार सरकार को वहन करना चाहिए, क्योंकि "यह राष्ट्रहित में है कि प्रसव के पूर्व और उसके पश्चात, महिलाओं को आराम मिले।''यह महिलाओं की मां के रूप में भूमिका के सामाजिक महत्व को मान्यता प्रदान करना था।

सन् 1938 में बंबई विधानमंडल के सदस्य बतौर अंबेडकर ने यह सिफारिस की कि महिलाओं को गर्भ-निरोधक उपायों का इस्तेमाल करने की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। उनका तर्क था कि अगर किसी भी कारणवश, कोई महिला गर्भधारण न करना चाहे, तो उसे उसकी पूर्ण स्वतंत्रता होनी चाहिए। उनकी यह मान्यता थी कि गर्भधारण करने या न करने का निर्णय पूरी तरह से महिला पर छोड़ दिया जाना चाहिए। इस प्रकार, आंबेडकर ने गर्भधारण के मामले में, महिलाओं को चुनने की आजादी, पूर्ण नियंत्रण का अधिकार व अंतिम निर्णय लेने का हक देने की पैरवी की।

वाईसराय की कार्यकारी परिषद के श्रम सदस्य बतौर 1942 से 1946 के बीच अंबेडकर ने कई ऐसे प्रगतिशील कानूनों को पारित किया, जिनसे महिला श्रमिकों को कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं मिल सकीं। इनमें आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश, विशेष अवकाश, पेंशन व कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में मुआवजे के प्रावधान संबंधी कानून शामिल थे। ये प्रावधान कुछ हद तक 'ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस महिला फेडरेशन'की 20 जुलाई 1942 को आयोजित परिषद में पारित किए गए प्रस्तावों पर आधारित थे। इन प्रस्तावों में कामकाजी महिलाओं के लिए ये सभी प्रावधान किए जाने की मांग की गई थी।

हिन्दू कोड बिल

स्वतंत्र भारत के पहले विधि मंत्री बतौर अंबेडकर ने 9 अप्रैल 1948 को संविधान सभा के समक्ष हिन्दू कोड बिल का मसविदा प्रस्तुत किया। इसमें बिना वसीयत किए मृत्यु को प्राप्त हो जाने वाले हिन्दू पुरूषों और महिलाओं की संपत्ति के बंटवारे के संबंध में कानूनों को संहिताबद्ध किए जाने का प्रस्ताव था। यह विधेयक मृतक की विधवा, पुत्री और पुत्र को उसकी संपत्ति में बराबर का अधिकार देता था। इसके अतिरिक्त, पुत्रियों को उनके पिता की संपत्ति में अपने भाईयों से आधा हिस्सा प्राप्त होता।

हिन्दू कोड बिल दो प्रकार के विवाहों को मान्यता देता था-सांस्कारिक व सिविल। उसमें हिन्दू पुरूषों द्वारा एक से अधिक महिलाओं से शादी करने पर प्रतिबंध और विवाह के विघटन संबंधी प्रावधान भी थे। किसी भी विवाहित व्यक्ति को विवाह की संविदा समाप्त करने के तीन रास्ते उपलब्ध थे-पहला, विवाह को शून्य घोषित करवाना, दूसरा, विवाह को अवैध घोषित करवाना और तीसरा, विवाह का विघटन। विधेयक में यह प्रावधान भी था कि किसी विवाह को अदालत द्वारा अवैध घोषित कर देने के बाद भी उससे उत्पन्न संतानों की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

विवाह विच्छेद के लिए सात आधारों का प्रावधान था - परित्याग, धर्मांतरण, रखैल रखना या रखैल बनना, असाध्य मानसिक रोग, असाध्य व संक्रामक कुष्ठ रोग, संक्रामक यौन रोग व क्रूरता।

अंबेडकर द्वारा हिन्दू कोड बिल में जो प्रावधान किए गए उनसे दो बातें स्पष्ट होती हैं। पहली, वे पिछड़ी जातियों के राजनीतिक नेता थे और उनके हितों का प्रतिनिधित्व करते थे। दो, जब उन्होंने हिन्दू कोड बिल तैयार किया तब तक उन्होंने यह निश्चय कर लिया था कि वे हिन्दू धर्म को त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाएंगे। उसके बाद भी उन्होंने कठोर परिश्रम से ऐसे विधेयक का मसविदा तैयार किया, जिससे हिन्दू महिलाओं को लाभ होता और उनमें से भी ऊँची जातियों/वर्गो की महिलाओं को, जिनके परिवार के सदस्यों के पास संपत्ति होती। अंबेडकर को केवल किसी विशेष वर्ग या जाति की महिलाओं के हितों की चिंता नहीं थी। वे सभी जातियों व वर्गों की महिलाओं के हितों का संरक्षण चाहते थे।

इस तरह यह साफ है कि अंबेडकर ने उन्हें उपलब्ध हर मंच का इस्तेमाल लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए किया।

लैंगिक दृष्टिकोण

अंबेडकर का लैंगिक परिप्रेक्ष्य क्या था? वे जाति को किस प्रकार देखते थे? वे इन दोनों के बीच क्या संबंध पाते थे? अपने मौलिक शोधपत्र 'कॉस्ट्स इन इंडिया' (1916) में अंबेडकर ने यह बताया है कि भारतीय संदर्भ में विभिन्न समुदायों में वर्गीय अंतर किस प्रकार जाति में बदल गए। अंबेडकर जाति को एक ऐसा बंद वर्ग बताते हैं जिसका मुख्य लक्षण है जाति के अंदर ही विवाह। उनकी यह मान्यता थी कि सबसे पहले पुरोहित वर्ग ने स्वयं को बंद किया और अन्यों को बाहर कर दिया। फिर अन्य जातियों को भी ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया।

वर्चस्वशाली जाति में यह कैसे सुनिश्चित किया जाता था कि जाति के बाहर विवाह न हों? अंबेडकर के अनुसार इसके लिए पर कड़ी रोक लगाई जाती थी और महिलाओं पर कठोर नजर और नियंत्रण रखा जाता था। अंबेडकर की यह राय थी कि जाति के निर्माण, संरक्षण और पुनरूत्पादन के लिए महिलाओं का इस्तेमाल किया जाता था। उनका कहना था कि नीची जातियों और महिलाओं के दमन के लिए जाति-लैंगिक गठजोड़ जिम्मेदार है और उसे उखाड़ फेकना आवश्यक है। इस प्रकार अंबेडकर जाति के साथ-साथ लैंगिक विभेद का भी उन्मूलन करना चाहते थे।

अंबेडकर की लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता के तीन स्त्रोत थे-

1. 'अछूत' बतौर जातिगत दमन का उनका व्यक्तिगत अनुभव- उन्हें भेदभाव के अनेक अपमानजनक अनुभवों से गुजरना पड़ा। सन् 1927 में महाड़ सत्याग्रह के दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी व्यथा का वर्णन किया, "तुम लोगों ने हम पुरूषों को जन्म दिया है। तुम लोग जानती हो कि कैसे अन्य लोग हमें जानवरों से भी कमतर मानते हैं। कुछ स्थानों पर लोग हमारी छाया भी उन पर नहीं पडने देना चाहते। दूसरे लोगों को अदालतों और कार्यालयों में सम्मानजनक कार्य मिलता है। परंतु तुम्हारे गर्भ से पैदा हुए पुत्रों को इतनी नीची नजरों से देखा जाता है कि हम पुलिस विभाग में चपरासी भी नहीं बन सकते। अगर हममें से कोई तुमसे पूछे कि तुमने हमें जन्म क्यों दिया तो तुम क्या उत्तर दोगी? हम लोगों और कायस्थ व अन्य ऊँची जातियों की महिलाओं द्वारा जन्म दिए गए संतानों में क्या फर्क है। अंबेडकर के लिए अपनी जाति के निचले दर्जे और पितृसत्तातमक व्यवस्था में महिलाओं की दासता के पारस्परिक संबंध को समझना कठिन नहीं था।

2. सैद्धांतिक समझ - उनकी असाधारण बौद्धिक क्षमता और विद्वता और संवेदनशीलता के चलते यह स्वाभाविक था कि उन्होंने जातिगत पदक्रम के सबसे नीचे के पायदान पर खड़े व्यक्ति की दृष्टि से जाति और लैंगिक मुद्दों के बीच सैद्धांतिक अंतःसंबंध को समझा और उसकी व्याख्या की। अपने इस विश्लेषण को अंबेडकर ने अपने शोधपत्र 'कॉस्टस इन इंडिया' में प्रस्तुत किया जिसकी चर्चा हम पहले ही कर चुके हैं।

3. मैदानी स्तर पर काम करने वाले महिला संगठनों का उनका नेतृत्व और उसका उनपर प्रभाव- अंबेडकर के नेतृत्व में चले महिला आंदोलन के तीन चरण थे।

अ. सन् 1920 के दशक के अंत में आंदोलनों में पुरूषों के साथ महिलाओं की भी भागीदारी। इनमें शामिल थे विभिन्न मंदिर प्रवेश आंदोलन जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया।

ब. 1930 के दशक में महिलाओं के स्वायत्त संगठन, जनांदोलनों में भाग लेने का अनुभव हासिल करने के बाद महिलाओं को अपने अलग संगठन बनाने की आवश्यकता महसूस हुई जिससे उन्हें अपनी आवाज उठाने का मंच मिल सके।

स. सन् 1940 के दशक में महिलाओं के राजनीतिक संगठन, इनमें शामिल थी ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस महिला फेडरेशन जिसके देशभर में विभिन्न स्थानों पर सम्मेलन हुए जिनमें अंबेडकर के नेतृत्व में कई संकल्प पारित किए गए।

अंबेडकर के भाषणों और उनके विचारों का महिलाओं पर काफी प्रभाव पड़ा। विशेषकर 1927 के महाड़ आंदोलन के दौरान उनके भाषणों से नीची जाति की महिलाओं के जीवन मे अभूतपूर्व परिवर्तन आया। उन्होंने महिलाओं को यह सलाह दी कि वे ऐसे कपड़े और गहने न पहनें जिनसे अछूत के रूप में उनकी पहचान हो सके, इससे महिलाओं में साहस का संचार हुआ और उन्होंने अलग ढंग से साड़ी बांधना शुरू कर दिया।

जब अंबेडकर ने 1935 में यह घोषणा की कि वे अपना धर्म बदलेंगे तब महिलाओं ने अनेक बैठकें आयोजित कर उन्हें अपना समर्थन दिया। महिलाओं ने उनसे अपील की कि वे उन्हें ऐसे किसी धर्म में न ले जाएं जो उनपर पर्दा प्रथा लाद दे।

सन् 1938 में अपने एक भाषण में उन्होंने कहा कि एक महिला एक व्यक्ति भी है और इस नाते उसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्राप्त है। उसी वर्ष एक अन्य भाषण में उन्होंने महिलाओं से कम बच्चे पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा "अगर बच्चे कम होंगे तो महिलाएं उन्हें पालने-पोसने के कठिन श्रम से बच जाएंगी और अपनी ऊर्जा व ताकत का इस्तेमाल अन्य कार्यो के लिए कर सकेंगी।''

जनांदोलनों का नेतृत्व करते हुए भी अंबेडकर जमीनी हकीकत से दूर नहीं हुए। उनके अनुरोध पर उनकी महिला अनुयायियों ने कम खर्चीली शादियां करने का आंदोलन चलाया। महिलाएं इस बात से भी सहमत हुईं कि लड़कियों की शादी कम उम्र में नहीं होनी चाहिए और अंतरजातीय विवाह होने चाहिए। जिन महिलाओं को अंबेडकर ने नेतृत्व दिया वे तो उनसे प्रभावित हुईं ही, अंबेडकर भी उनसे प्रभावित हुए बगैर न रह सके। लैंगिक मुद्दों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का मुख्य स्त्रोत यही महिलाएं थी।

निष्कर्ष

अंबेडकर का हिन्दू समाज का विश्लेषण इस प्रकार है -

1. यह मूलतः जाति व ऊँच-नीच पर आधारित समाज है जिसमें विभिन्न जातियां सम्मान के बढ्ते क्रम और तिरस्कार के घटते क्रम में श्रेणीबद्ध हैं।
2. यह महिलाओं की लैंगिकता, उनकी प्रजनन क्षमता व श्रम के नियंत्रण पर आधारित है।
3. मनु के धर्म के दो स्तंभों वर्णाश्रम धर्म और पतिव्रत धर्म पर यह जातिगत-लैंगिक गठजोड़ खड़ा है। बिना एक से छुटकारा पाए हम दूसरे से छुटकारा नहीं पा सकते।

अंबेडकर की इस समझ और उस पर उनकी भावनात्मक और बौद्धिक प्रतिक्रिया ने महिलाओं और दलितों को मुक्ति दिलाने के उनके मिशन का पथप्रदर्शन किया।

- ललिता धारा

https://www.forwardpress.in/2016/04/ambedkars-understated-feminism_hindi/

✦✦✦

डॉ. अंबेडकर की बौद्धिक ईमानदारी

आम धारणा यह है कि सच परेशान जरूर करता है लेकिन जीत उसी कि होती है। सरकार के द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर कि 125वीं जयंती मनाई जा रही है। डॉ. अंबेडकर का विचार ईमानदारी का दूसरा पर्याय है। उन्होने गलत को गलत और सही को सही कहा चाहे उसका अंजाम जो भी हो। नारी मुक्ति की बात हो, जातिविहीन समाज की स्थापना या अंधविश्वास, रंच मात्र समझौता नही किया और बेबाकी से किया और कहा।

बौद्ध धर्म में जाते समय भी मानव कल्याण कि बात की। जहां धर्म की बात हो वहाँ स्वर्ग और नर्क के बारे मे चर्चा न हो दुनिया में अपवाद भी हो सकता है। बौद्धिक ईमानदारी परेशान ही नहीं करती बल्कि मंज़िल तक पहुँचने से भी रोकती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि हर महानता के पीछे एक बड़ा अपराध भी छुपा होता है। कोई महान बने और उसके पीछे चालाकी, यथास्थितवाद, दांव-पेंच और भोली- भाली जनता की भावनाओं का इस्तेमाल न हो यह संभव नही है। ज्यादातर महान लोग बिना जनमानस को नाराज़ कर के आगे बढ़े। कुछ लोगों ने प्रसिद्धियाँ तो बहुत प्राप्त कर ली लेकिन समाज जहां का तहां ही खड़ा रहा।

1950 के दशक में बेटियों को पैतृक संपत्ति में अधिकार देने कि बात करना आसान नही था। जो भी यह बात करता उसके विरुद्ध आम जनता का जाना स्वाभाविक था। नेहरू जी से परामर्श लेकर के डॉ. अंबेडकर ने संसद में हिन्दू कोड बिल पेश किया।

विधेयक का मूल मकसद बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों जैसे अधिकार दिये जाए। इस पर देश में तमाम आलोचनाएँ शुरु हुई और इतना दबाव पड़ा कि काँग्रेस का संसद में प्रचंड बहुमत के बावजूद पीछे हटना पड़ा और अंत में विधेयक गिर गया। जिसे लोकप्रिय और महान बनने की चाहत हो वह ऐसा जोखिम क्यों लेगा ?

अभी तक किसी ऐसी जाति से आवाज़ नही निकली कि वह अपनी जाति के ऊपर गर्व न करे। वह जाति चाहे जितने समाज के नीचे पायदान पर खड़ी हो लेकिन जाति के ऊपर गर्व जरूर करती है। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर किसी की परवाह किए बिना जाति तोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे। 12 दिसम्बर 1935 में जात-पात तोरक मण्डल लाहोर से पत्र मिला, जिसमें बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को अध्यक्ष बनाने का आमंत्रण था। डॉ. अंबेडकर ने सोचा कि यह समाज सुधारक सवर्ण हिन्दुओं का संगठन है जिसका मात्र उद्देश्य हिन्दुओं में जाति प्रथा को सपोर्ट करना है। पहले तो डॉ. अंबेडकर ने अध्यक्षता करने के निमन्त्रण को स्वीकार नही किया परंतु आग्रह करने पर स्वीकृति दे दी। यह सम्मेलन ईस्टर पर होना था लेकिन बाद में मई 1936 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। उसके बाद लाहौर में विरोध शुरु हो गया। इस पर मण्डल के नेता भाई परमानंद एमएलए पूर्व अध्यक्ष हिन्दू महासभा, महात्मा हंसराज, डॉ. गोकुल चंद नारंग, स्थानीय स्वायत्व शासन मंत्री तथा राजा नरेंद्र नाथ एमएनसी आदि सभी नेताओं ने मण्डल के सचिव संतराम को जात-पात तोरक मण्डल से अलग कर दिया।

मण्डल के लोगों ने चाहा कि डॉ. अंबेडकर जो बोलने वाले है, उसको लिखित रूप से पहले ही भेज दें। मण्डल का दबाव डॉ. अंबेडकर पर लगातार बना रहा कि उनका निबंध जाति भेद का बीज़ नाश, लाहौर में छपे लेकिन डॉ. अंबेडकर अड़े रहे और उन्होने मुंबई में ही छपवा दिया। उनके निबंध को देखने के लिए मण्डल के द्वारा हर भगवान को मुंबई भेजा गया। और जब उन्होने पढ़ा तो विचलित हो गए और संशोधन करने के लिए कहा। तमाम तरह के सुझाव दिये गए कि भाषण छोटा कर दें, इतना तीखा न हो लेकिन बाबा साहब डॉ. अंबेडकर अड़े रहे ऐसा न करने पर जात पात तोरक मण्डल ने सम्मेलन ही निरस्त कर दिया। ज्ञात होना चाहिए कि लाहौर उस समय लगभग उत्तर पश्चिम भारत का केंद्र था और मण्डल की तरफ से सुझाव था कि अगर बाबा साहब संशोधन के लिए तैयार हो जाए तो बहुत बड़ा सवर्ण तबका उनको अपना नेतृत्व सौंप देगा। डॉ. अंबेडकर इस प्रलोभन में नही आए और अंत में अपने निबंध जाति भेद के बीजनाश पर अड़े रहे और जो जाकर के बाद में तमाम भाषाओं में अनुवाद हुआ। डॉ.अंबेडकर को इस सच ने परेशान ही नही किया बल्कि आज तक जीत नही हुई अब तो तथाकथित शूद्र जातियाँ भी राजनैतिक लाभ लेने के लिए जाति की पहचान को और मजबूत बनाने के प्रयास में रहती है।

बौद्धिक ईमानदारी बनाए रखना अपने को तमाम झंझवातों और परेशानियों में डालना। इसके लिए बड़ी कीमत चुकानी ही पड़ती है। यह भी निश्चित नही है कि उसकी परिणति व्यवहार में हो ही। सत्य बदलाव मानता है। मानव स्वभाव बदलाव के विरुद्ध होता है। इतिहास में तमाम ऐसे लोगों ने बौद्धिक ईमानदारी दिखाई लेकिन जरूरी नहीं कि आगे चलकर लोग अपने जीवन में अवतरित करें। कबीर जैसे संत भी हुए जिन्होने खूब खरी-खरी कही लेकिन लोग किताबों और जुबान के स्तर पर मानते रहे लेकिन व्यवहार मे बहुत कम उतारा। जो सच डॉ. अंबेडकर को परेशान करता रहा वह दबे कुचलो को आज भी कर रहा है। कम से कम ये दबे कुचले डॉ. अंबेडकर के सच के साथ होते तो पूरा नही तो आंशिक रूप से इसकी जीत हो गयी होती। जरूरी नहीं कि जो अब तक न हुआ हो तो कल भी न हो। इंतज़ार है उस दिन का जब जाति विहीन समाज की स्थापना होगी और भारत दुनिया के विकसित देशों की कतार में खड़ा होगा।

– डॉ0 उदित राज

दंग रह गये सब, जब धरती ने उगली एक हजार मूर्तियां

यूपी की सियासत में इटावा का अपना रसूख, रुतबा और दबदबा है। लेकिन इसी धरती से निकली हजारों साल पुरानी और दुर्लभ मूर्तियां अब चर्चा का विषय बन गयी है। हालांकि ये सभी मूर्तियां खंडित हो चुकी हैं। क्योंकि ये मूर्तियां इकदिल थाना क्षेत्र के ईश्वरीपुरा गांव में एक खेत की जुताई के दौरान मिली है। एक साथ हजारों मूर्तियां निकलने से प्रशासन से लेकर पुरातत्व विभाग तक हैरान है। अब यह पता लगाने की कोशिश शुरु हो गयी है कि आखिर इन मूर्तियों का इतिहास क्या है।

उपजिलाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि उनको भी खेत से इतनी बड़ी तादात में खंडित मूर्तियों के निकलने की खबर मिली है। इसको लेकर जिलाधिकारी से चर्चा करके पुरातत्व विभाग को अवगत कराया जा रहा है। ताकि इस बावत कोई अध्ययन किया जा सके कि यहां पर इस तरह की मूर्तियां कैसे निकल रही हैं। उन्होने बताया कि इसका अध्ययन इतिहास के छात्रों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। फिलहाल एसडीएम चकरनगर को इन मूर्तियों को संकलित करने की जिम्मेदारी दी गयी है।

दरअसल ईश्वरीपुरा गांव में खेत के मालिक वृजेश कुमार खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। तभी उन्हें कुछ मूर्तियां खेत में दिखी। जिसके बाद आस पास के गांव वालों ने आना शुरु कर दिया। गांव वालों की मदद से खेत की खुदाई की गयी तो एक के बाद एक जैन धर्म की 1200 साल पुरानी खंडित मूर्तियां निकलती गयी। जिसके बाद गांव वालों ने जैन धर्म के लोगों को बुलाया। उन्होने बताया की ये मूर्तियां सैंकड़ों साल पुरानी हैं और इन्हें किसी राजा ने तोड़कर खेत में छुपा दिया था। जो आज ये मूर्तियां खुदाई में मिली हैं।

अनुमान है कि खेत में अभी और मूर्तियां हो सकती हैं। यह तो और खुदाई से ही पता चल सकेगा। देखने में मूर्तियां सैकड़ों वर्ष पुरानी हैं जो सफेद पत्थर, काले पत्थर व लाल पत्थर से निर्मित हैं। देखने वालों का कहना है कि जैन धर्म के अलावा भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं भी हैं। कुछ मूर्तियों पर लिखावट भी है, जिससे अनुमान है कि मूर्तियां हजारों वर्ष पुरानी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो साल पहले उसी खेत से दो मूर्तियां निकली थी। जिन्हें पेड़ के पास ही रख दिया गया था। उसके बाद दोबारा इतनी बड़ी संख्या में मूर्तियां मिली हैं। चर्चा है कि खजाना होने के संदेह में कई दिन पूर्व रात में किसी तांत्रिक ने उक्त स्थान पर खुदाई की

थी। क्योंकि लोगों ने पूजा का सामान नारियल आदि पड़ा देखा था।

गौरतलब है कि इसी गांव के नजदीक है आसई गांव। जहां पर एक दशक से खंडित मूर्तियां निकलती रही हैं। सबसे खास बात तो यह है इस गांव के बाशिंदे इन खंडित मूर्तियों की पूजा करके अपने आप को धन्य पाते हैं। यमुना नदी के किनारे बसा गांव आसई देश दुनिया का एक ऐसा गांव माना जा सकता है, जहां के वाशिंदे खंडित मूर्तियों की पूजा में विश्वास करते हैं। इस गांव के लोग किसी मंदिर में पूजा अर्चना नहीं करते हैं बल्कि हर घर में उनके आराध्य की मूर्तियां पाई जातीं हैं। घरों में प्रतिस्थापित यह मूर्तियां साधारण नहीं हैं। अपितु दसवीं से ग्यारहवीं सदी के मध्य की बताई जातीं हैं। दुर्लभ पत्थरों से बनी यह मूर्तियां देश के पुराने इतिहास एवं सभ्यता की पहचान कराती हैं। हिंदू धर्म की पौराणिक कथाओं में काशी के बाद धार्मिक आस्था का केंद्र माना जाने वाला एवं जैन दर्शन में काशी से भी श्रेष्ठ आसई क्षेत्र पूर्व की दस्यु गतिविधियों के बाद से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पा रहा है।

